आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी 11:10 तक उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 7 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 227, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO 9 : MIDDLE**

# रागों और पाश्चात्य संगीत को वाद्ययंत्रों से प्रस्तुत किया



**बरेली ,अमृत विचार** : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम इंस्ट्रूमेंटल कार्यक्रम रैनबो आयोजित हुआ। संस्थान के गुरुओं और विद्यार्थियों ने विभिन्न शास्त्रीय रागों और पाश्चात्य संगीत को वाद्ययंत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्नाटक संगीत के राग हंस ध्वनि से हुई। इस पर इंस्ट्रुमेंट गुरु उमेश मिश्रा ( सारंगी), सूर्यकांत चौधरी ( वायलिन), सूरज पांडेय (बांसुरी), सुमन विश्वास ( मृदंगम), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह ( ड्रम), विशेष सिंह ( गिटार), प्रयाग श्रीवास्तव ( सितार ), सुरेंद्र (कांगो) और रॉनी फिलिप्स ( सैक्सोफोन ) एवं उनके शिष्यों में डॉ.नम्रता, संस्कार सिंह, विवान अग्रवाल, मेघा टंडन, सार्थक कठेरिया, नेहा पांडेय, करुणय अरोड़ा, स्वास्ति गर्ग, शितिज अग्रवाल, रिदित अग्रवाल, प्रज्ञा मिश्रा, अनुज सक्सेना, मंतिका अरोरा और गुरांश सिंह ने फ्यूजन प्रस्तुत किया। पाश्चात्य संगीत के सुनहरे दौर की झांकी प्रस्तुत की गई । अंतिम प्रस्तुति में गुरुओं ने प्रसिद्ध राग मेघ मल्हार को अपने वाद्ययंत्रों पर सजाया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ . एमएस बुटोला, डॉ . प्रभाकर गुप्ता, डॉ . अनुज सक्सेना, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ . शरद जौहरी, डॉ.पीके परडल, डॉ . विद्या नंद आदि मौजूद रहे।